पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रं.2
वायु सेना स्थल, महाराजपुर,
ग्वालियर, म.प्र. 474020
(भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के अधीन)

PM SHRI Kendriya Vidyalaya No.2
Air Force Station, Maharajpur,
Gwalior MP – 474020
(Under Ministry of Education,
Govt. of India)

CBSE Affiliation No. : 1000004 School Code : 054086 KV Code :1105 Region Code : 03
दूरभाष – 0751-2470227 वेब-साईट : no2gwalior.kvs.ac.in E-mail : kv2gwl1@gmail.com

फा.क्र.Condemnation /2025-26/पीएमश्री के.वि.02/ग्वालियर दिनांक: 03.01.2026

नीलामी सूचना

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 वायुसेना स्थल ग्वालियर के विभिन्न विभागों की अनुपयोगी वस्तुओं (जैसे-फ़र्नीचर सामग्री, बिजली संचालित सामग्री आदि) का निस्तारण सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से दिनांक 15.01.2026 को दिन गुरुवार दोपहर 2.00 बजे से विद्यालय परिसर में किया जावेगा | सभी इच्छुक व्यक्तियों / फ़र्मों / पार्टियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि, समय और स्थान पर बोली लगाने के लिए एकत्रित हों | अनुपयोगी सामग्री का निरीक्षण बोली से पूर्व विद्यालय परिसर में विद्यालयीन समय में किया जा सकता है | अपलिखित सामग्री के लिए सबसे कम बोली की राशि के वि सं के नियमानुसार प्राचार्य पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 वायुसेना स्थल ग्वालियर द्वारा तय की जावेगी | सामग्री उच्चतम बोली लगाने वाले को **"जहाँ है जैसी है"** की स्थिति में प्रदान की जाएगी | विद्यालय/अधोहस्ताक्षरी के पास इस नीलामी को कभी भी निरस्त या स्वीकार करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा |

नीलामी निम्नलिखित नियम एवं शर्तों पर की जाएगी:-

1. बोली लगाने वाले को नीलामी के समय घोषित किये जाने वाले नियमों का पालन करना होगा |
2. बोली लगाने वाले को सर्वप्रथम अपना परिचय पत्र, पते का प्रमाण, वोटर आई.डी.,आधार कार्ड आदि की स्व-प्रमाणित छाया-प्रति समिति को जमा करानी होगी |
3. प्रत्येक बोलीदाता को 1000/- रूपए नीलामी में भाग लेने के पूर्व धरोहर राशि के रूप में जमा करना होगा |
4. समिति द्वारा स्वीकार्य उच्चतम बोली की राशि को मौके पर ही जमा करना होगा,जिसमें धरोहर/सुरक्षा राशि समायोजित कर दी जाएगी,नीलामी की गई सामग्री बोलीदाता द्वारा भुगतान करने के तुरंत बाद स्वयं के व्यय पर उठानी होगी |
5. विद्यालय द्वारा बोलीदाता को एक बार दिया गया कोई भी सामान किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं लिया जाएगा |
6. बिजली संचालित सामग्री के बोलीदाता E-WASTE REGISTERED FIRMS ही होने चाहिए और नीलामी के लिए वे स्वयं प्रस्तुत हों |
7. E-WASTE वाले सामान के निस्तारण करने के उपरांत वह बोलीदाता इस कार्यालय को लिखित में प्रमाण-पत्र देंगे कि उन्होंने इस कार्यालय से नीलामी में ख़रीदे हुए E-WASTE सामान का पूर्णत:निस्तारण कर दिया है |

3.1.26

(संजीव कुमार संभरिया)
प्राचार्य / Principal
प्राचार्य
पीएम श्री के.वि. क्र. 2, ग्वालियर
PM Shri K.V. No.2, Gwalior

प्रतिलिपि:

1. अध्यक्ष/नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 वायुसेना स्थल ग्वालियर |
2. उपायुक्त,केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ |
3. प्राचार्य समस्त केंद्रीय विद्यालय भोपाल संभाग की ओर सूचनार्थ |
4. विद्यालय नोटिस बोर्ड एवं सार्वजनिक स्थल जैसे-रेल्वे स्टेशन, पोस्ट ऑफिस आदि |
5. विद्यालय वेबसाइट |